सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-372
26/08/2017

बी0टी0एम0सी0 के तरफ से 25 लाख रूपये तथा मगध प्रमण्डल के कर्मचारियों की तरफ से 23 लाख 69 हजार रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री को सौंपा

पटना 26 अगस्त, 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से मिलकर बी0टी0एम0सी0 के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने बी0टी0एम0सी0 की तरफ से मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को 25 लाख रूपये लाख रूपये का चेक सौंपा। साथ ही पूरे मगध प्रमण्डल के कर्मचारियों की तरफ से आयुक्त मगध प्रमण्डल श्री जीतेन्द्र श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री को 23 लाख 69 हजार 971 रूपये का चेक सौंपा।

मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान करने के लिये बी0टी0एम0सी0 के अध्यक्ष श्री कुमार रवि तथा प्रमण्डलीय आयुक्त श्री जीतेन्द्र श्रीवास्तव को धन्यवाद दिया तथा उनकी इस सामाजिक पहल की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपदा के समय हम सबको अपनी संवेदनशीलता को प्रदर्शित करना चाहिये और पीड़ितों की सेवा में बढ़–चढ़कर हाथ बंटाना चाहिये।

******